वी.यू. में 35वीं प्रबंधन मंडल बोर्ड की बैठक सम्पन्न

जबलपुर। आज दिनांक 15.07.2020 को नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर में 35वीं प्रबंधन मंडल बोर्ड की बैठक सम्पन्न हुई। जिसकी शुरूआत सरस्वती जी की मूर्ति के पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी द्वारा की गई। जिसमें विश्वविद्यालय से संबंधित विभिन्न प्रगतिशील एवं आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई एवं विश्वविद्यालय हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये व माननीय सदस्यों द्वारा अपने–अपने विचार प्रकट किये, तथा कुलपति, डॉ. सीता प्रसाद तिवारी जी के कुशल नेतृत्व में प्रबंधन एवं प्रशासनिक दक्षता व वि.वि. के निरंतर विकास के प्रयासों की सराहना की और आगे पूर्ण सहयोग एवं सामंजस्य का भरोसा दिलाया। इसके अलावा बैठक के पश्चात् सभी माननीय सदस्यों द्वारा विश्वविद्यालय संग्रहालय में विभिन्न इकाईयों जैसे– डेयरी फार्म, वर्मी कंपोस्ट

इकाई, पंचगव्य इकाई, पोल्ट्री फार्म, मस्त्य पालन इकाई एवं विस्तार विभाग द्वारा लगाई गई विभिन्न इकाईयों की प्रर्दशनी आदि का अवलोकन किया एवं सराहना की।

इस बैठक के पश्चात् सभी सम्मानीय सदस्यों एवं वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विश्वविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रबंधन मण्डल के सदस्य माननीय डॉ. आर.के. मेहिया, श्रीमति राधा मिश्रा, इंजी. प्रभात दुबे, संयुक्त संचालक, श्री. ए.पी. गौतम, संयुक्त संचालक पशुचिकित्सा सेवायें मध्यप्रदेश शासन, डॉ. एस.के झारिया, संयुक्त संचालक मत्स्य पालन, श्री डी.आर. महोविया, संयुक्त संचालक, कोष एवं लेखा, कुलसचिव, डॉ. विनोद कुमार बाजपेयी, लेखानियंत्रक, श्री अजय सिंह ठाकुर एवं विश्वविद्यालय के समस्त संचालक/अधिकारी गण उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.,अधारताल, जबलपुर